उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 24 फाल्गुन, शक संवत्, 1937
( दिनांक : 14 मार्च, 2016 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के नगरपालिका क्षेत्र खटीमा में उत्तराखण्ड गोलीकाण्ड में शहीदों का शहीद स्मारक बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री अमित कुमार पाण्डे, जिला महामंत्री भा0ज0यु0मो0, निवासी नगर पालिका क्षेत्र खटीमा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के खटीमा में राजकीय महाविद्यालय में बी0कॉम की कक्षाऐं संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री अमित कुमार पाण्डे, जिला महामंत्री भा0ज0यु0मो0, निवासी नगर पालिका क्षेत्र खटीमा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम गौहर, कुटरी क्षेत्र खटीमा में सोबन सिंह के घर से सुनील सिंह के घर तक 01 कि0मी0 मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री जीवन सिंह ज्याला, निवासी ग्राम गौहर, कुटरी खटीमा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम बूढ़ाबाग प्लान्टेश चकरपुर की ओर 1.5 कि0मी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री दीपक सिंह, निवासी ग्राम बूढ़ाबाग प्लान्टेश चकरपुर खटीमा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम टेड़ाघाट, पो0 चारूबेटा खटीमा में सुखदेव के घर से भजनलाल के घर तक 65 मीटर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री श्रीकान्त सिंह, निवासी ग्राम टेड़ाघाट, पो0 चारूबेटा खटीमा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम टेड़ाघाट, पो0 चारूबेटा खटीमा में मेन रोड़ से शिव मन्दिर तक 100 मीटर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री श्रीकान्त सिंह, निवासी ग्राम टेड़ाघाट, पो0 चारूबेटा, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2016 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड अन्य पिछडा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड अन्य पिछडा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2016 पुरःस्थापित करेंगे।

18. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

19. श्रीमती इन्दिरा हृदयेश, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारणः-

"यह सदन माननीय राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 09 मार्च, 2016 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी "ग")

20. वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा।

21. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

22. विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के सितारगंज ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत साधुनगर में स्थापित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण के संबंध में, डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, स्वास्थ्य मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

23. जनपद हरिद्वार के उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों की फीस एवं छात्रवृत्ति न मिलने से व्याप्त असंतोष के संबंध में, श्री चन्द्रशेखर, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, समाज कल्याण मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

24. जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड सोमेश्वर के काकडीघाट-द्वारसों मोटर मार्ग के शेष भाग ग्राम डूंगा से खरकानी-चौना तक 06 किलोमीटर मोटर मार्ग के डामरीकरण के संबंध में, श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 11 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

25. उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड का गठन किये जाने के संबंध में, श्री सरवत करीम अंसारी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 11 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, समाज कल्याण मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

देहरादून :
दिनांक :13 मार्च, 2016

प्रथम सत्र, 2016
का प्रथम सोमवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## सोमवार, 24 फाल्गुन, शक संवत्, 1937

## ( दिनांक : 14 मार्च, 2016 )

## नत्थी "क"

<u>अल्पसूचित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>29.02.16 | **क्या समाज कल्याण मंत्री जी अवगत है कि उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण वित्त निगम द्वारा कौशल विकास योजनाओं के संचालन हेतु प्रदेश की स्वयं सेवी संस्थाओं से प्रस्ताव मांगे गये थे ? यदि हॉ तो उन चयनित संस्थाओं को काम न देकर मनमाने ढंग से एक अन्य स्वयं सेवी संस्था को पूरा काम देने का क्या औचित्य रहा है ? प्रदेश के अल्पसंख्यकों के लिए काम करने वाली संस्थाओं को काम आवंटन न कर उप संस्थाओं को छोड़ कर एक ही संस्था का चयन करने का क्या कारण रहा? | समाज कल्याण |

नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 03.02.2016 | *1. | क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आंगनबाड़ी कर्मियों हेतु कल्याण कोष की स्थापना की जा चुकी है ? यदि हां, तो कल्याण कोष में कितनी धनराशि की व्यवस्था की गई है तथा सेवा से मुक्त होने पर एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान करने की क्या प्रकिया निर्धारित की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 03.02.2016 | *2. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि औद्यानिकी के एकीकृत विकास मिशन के अन्तर्गत हॉर्टिकल्चर मिशन फॉर नॉर्थ ईस्ट एण्ड हिमालयन स्टेट्स के योजनान्तर्गत फसलों के समग्र विकास के लिए कलस्टर एप्रोच के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदेश में क्षेत्रीय विविधता वाली औद्यानिकी घटकों का कियान्वयन किया जा रहा है ? यदि हां, तो अभी तक किन किन घटकों का कियान्वयन किया गया है तथा किन जनपदों को इससे लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 03.02.2016 | *3. | क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या मुख्यमंत्री वृद्ध महिला पोषण योजना का लाभ प्रदेशवासियों को उपलब्ध कराया जा रहा है ? यदि हां, तो अब तक जनपदवार विवरण सहित कितने वृद्ध महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो उक्त योजना से लाभान्वित न किये जाने के क्या कारण हैं ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्रीमती अमृता रावत 03.02.2016 | *4. | क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आई0सी0डी0एस0 के अन्तर्गत निर्भया योजना की स्थापना के संबंध में जारी शासनादेश संख्या 1955/XVII(4)/2013/5(24)/13 दिनांक 04.10.2013 के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही का जनपदवार विवरण क्या है? | महिला सशक्तिकरण |
| श्रीमती अमृता रावत 03.02.2016 | *5. | विधान सभा के प्रथम सत्र 2011 के द्वितीय मंगलवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के तारांकित प्रश्न संख्या– 07 के कम में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऐसे राष्ट्रीयकृत मार्गों जिन पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवाओं का संचालन नहीं हो रहा है, पर अब तक किन–किन वाहन स्वामियों को अस्थाई सवारी गाड़ी परमिट जारी किए गये हैं तथा किन अवधियों में इन राष्ट्रीय मार्गों पर निजी परिवहन कम्पनियों की बस सेवाएं संचालित की गई है ? यदि नहीं, तो इन मार्गों पर बस सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाने की दिशा में राज्य के परिवहन विभाग की क्या योजना है तथा कब तक इन मार्गों पर नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हो जायेगी ? | परिवहन |
| श्री हरबंस कपूर 03.02.2016 | *6. | क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में पैदा होने वाला मंडुवा व झंगोरा खरीददार न होने के कारण यूं ही खराब हो जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन फसलों के लिए खरीद केन्द्र स्थापित करेगी ? यदि हां, तो कैसे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>03.02.2016 | *7. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी जलविद्युत परियोजना से एक वर्ष में कुल कितनी विद्युत का उत्पादन किया जाता है तथा राज्य को उसमें से कितनी विद्युत प्राप्त होती है ? क्या सरकार की राज्य के हिस्से की विद्युत को बढाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | ऊर्जा |
| श्री हरबंस कपूर<br>03.02.2016 | *8. | **आगामी सत्र हेतु स्थगित।**<br>क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में ओलावृष्टि एवं तूफान के कारण बागवानी को काफी क्षति पहुंची है ? यदि हां, तो बागवानों की नुकसान भरवाई हेतु सरकार द्वारा क्या योजना बनाई गई है ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मदन कौशिक<br>03.02.2016 | *9. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विद्युत उत्पादन एवं खपत की स्थिति क्या है ? क्या विद्युत की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने कोई नीति बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मदन कौशिक<br>03.02.2016 | *10. | क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में इस वर्ष खनन नीति के विपरीत कितने अवैध खनन मामले पकड़े गये हैं तथा कितनी गाड़ियां सीज की गयी हैं और कितना जुर्माना लगाया गया है ? क्या सरकार द्वारा अवैध खनन रोकने की प्रभावी नीति बनायी गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.02.2016 | *11. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में ए0डी0बी0 डिविजन द्वारा मोटर मार्गों का सुधारीकरण व हाटमिक्स डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कौन–कौन से मोटर मार्गों पर क्या क्या कार्य हाने हैं और उसके लिए प्रत्येक कार्यवार कितनी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कार्य प्रारम्भ करने कि तिथि क्या थी और पूर्ण करने हेतु कितना समय दिया गया है ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.02.2016 | *12. | क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के अन्तर्गत जो दिल्ली–देघाट व देघाट–देहरादून रोडवेज की बसें विभाग द्वारा संचालित की जाती हैं वह पूर्ण रूप से जर्जर हैं और मानकानुसार अपना समय भी पूर्ण कर चुकी हैं ? क्या मा0 मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि ऐसी बसों में दुर्घटनाओं की संभावना के साथ जनता को भी यात्रा के दौरान कठिनाईयां होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में शीघ्र इन रूटों पर नई बसें संचालित करेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.02.2016 | *13. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उरेड़ा द्वारा विधायक निधि से रू0 5000/ प्रति सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट का अंश दान देने के उपरान्त सल्ट, स्याल्दे, भिक्यिासैण व चौखुटिया विकासखण्ड के बाजारों में स्ट्रीट लाईट लगायी गयी थी ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि देख–रेख न होने के कारण इनमें से अधिकांश संयन्त्र बन्द पड़े हैं और इनका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र इन्हे ठीक कराकर जनता को इनका लाभ प्रदान करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.02.2015 | *14. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभागीय मंत्री के पत्रांक 2818/मंत्री/11–बालविकास/2013–14 दिनांक 18 जून, 2013 के द्वारा निदेशक, आई0सी0डी0एस0 उत्तराखण्ड का ध्यान अपर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 811/XVII(4)/2013 दिनांक 25 अप्रैल, 2013 की ओर आकर्षित करते हुए निदेशालय आई0सी0डी0एस0 में तैनात ऐसे कार्यकम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी/मुख्य सेविका/लिपिक संवर्ग जो निदेशालय में बिना सृजित पद के तैनात किये गए हैं को उनके मूल तैनाती स्थल के लिए तीन दिन के अन्दर कार्यमुक्त करते हुए शासन एवं विभागीय मंत्री को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं ? यदि हां, तो ऐसे किन–किन कार्मिकों को कितनी कितनी अवधि के पश्चात निदेशालय से कार्यमुक्त किया गया है ? यदि नही तो क्यों तथा ऐसे कार्मिकों का विवरण क्या है जिनके पद निदेशालय स्तर पर सृजित नहीं है और ये कार्मिक कब से निदेशालय में सम्बद्ध चले आ रहे हैं ? क्या यह भी सत्य है कि पत्रावली संख्या 42/XVIIOS के टिप्पणी पृष्ठ संख्या 110 तथा 111 पर विभागीय मंत्री द्वारा इसी प्रकरण में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं ? यदि हां, तो इन निर्देशों के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री मदन कौशिक<br>04.02.2016 | *15. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2012–13, 2013–14, 2014–15 में कितने बार के लाईसेंस दिये गये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि नई एफ0एल02 की नीति के बाद सभी ब्राण्ड की विदेशी मदिरा उपलब्ध नहीं होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सभी ब्राण्ड उपलब्ध हो इसकी क्या व्यवस्था बनाई गई है ? | आबकारी |
| श्री दलीप रावत<br>06.02.2016 | *16. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मेलधार सिदपुर (रिखणीखाल) एवं पली गांव (जयहरीखाल) जो कि भूस्खलन से पूरी तरह क्षतिग्रस्त है के विस्थापन हेतु क्या कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास 06.02.2016 | *17. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधायक आवास रेसकोर्स में लिफ्ट लम्बे समय से बन्द होने का क्या कारण है तथा विधायक आवास में कमरों की स्थिति को ठीक करने के लिए मांग करने के बाद भी कोई प्रयास न करने का क्या कारण है ? इसके लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार है ? क्या सरकार कोई ठोस नीति बनाकर विधायक आवास को व्यवस्थित व साफ सुथरा बनाने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य सम्पत्ति |
| श्री विशन सिह चुफाल 06.02.2016 | *18. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में जिन लोगों ने माली प्रशिक्षण लिया है उनको उपनल के माध्यम से माली पद पर नियुक्ति न करके बिना प्रशिक्षण प्राप्त लोगों की नियुक्तियां की गयी हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिन लोगों ने माली का प्रशिक्षण लिया है उनको कब तक नियुक्ति दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री गणेश जोशी 08.02.2016 | *19. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि राज्य में अभी तक कोई कृषि महाविद्यालय नहीं है जिससे कृषि क्षेत्र में पढाई एवं विकास दोनों ही अवरूद्ध हो रहे हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य के किसी भी जनपद में कृषि महाविद्यालय खोलने के लिए शासन स्तर पर कोई प्रस्ताव लम्बित है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा कब तक कृषि महाविद्यालय खोला जाऐगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री गणेश जोशी 08.02.2016 | *20. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में मटर एवं अन्य सब्जियों के बीज एवं कीटनाशक दवाईयां समय पर उपलब्ध नहीं होती है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार रियायती दरों पर मटर एवं अन्य सब्जियों के बीज एवं कीटनाशक समय से उपलब्ध कराऐगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास 03.02.2016 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग थराली जिला चमोली में कार्यरत अधिशासी अभियन्ता के खिलाफ शासन से जांच की कार्यवाही चल रही है ? यदि हां, तो जांच कब तक पूरी हो जायेगी तथा जांच होने तक इन्हे यहां से हटाने पर क्या सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री चन्दन राम दास 03.02.2016 | 2. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एफ0एल0 2 का कार्य सरकारी एजेन्सी द्वारा कराया जा रहा है ? यदि हां, तो एजेन्सी का नाम क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे एफ0एल0 2 की सरकारी एजेन्सी शराब का उत्पादन भी करती है ? यदि उत्पादन करती है तो कहां कहां ? यदि उत्पादन नहीं करती है तो किन किन एजेन्सी व लोगों से शराब की खरीद की जाती है का मात्रा सहित विवरण देंगे ? | आबकारी |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>03.02.2016 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा अब प्रदेश में 05 कि0मी0 या 02 कि0मी की सड़कें ग्रामीण इकाई द्वारा निर्मित होगा संबंधी शासनादेश कब से लागू होगा ? क्या एक से पांच वर्षों पूर्व राज्य व जिला योजना की सड़कें भी ग्रामीण निर्माण इकाई को दिये जाने का सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो शासनादेश प्रस्तुत करने का कष्ट करेंगे ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.02.2016 | 4. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत डोडियाल–सराईखेत मोटर मार्ग सराईखेत बाजार के बाद मार्ग में अत्याधिक गढ्ढों के कारण सड़क यातायात के लिए लगभग पूर्णतः अनुपयुक्त हो गया है जिसका रख–रखाव बैजरों डिविजन पौड़ी द्वारा किया जाता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का रख रखाव जनपद अल्मोड़ा की सीमा तक प्रान्तीय खण्ड रानीखेत द्वारा कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2016 | 5. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि मा0 पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के विकास हेतु कई घोषणाऐं की जाती रही है ? यदि हां, तो क्या मा0 मुख्यमंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के लिए वर्ष 2012 अप्रैल, से अब तक कुल कितनी घोषणाऐं की गई और कितनी घोषणाओं पर कार्य प्रारम्भ हुआ है ? क्या मा0 मंत्री जी इसकी विस्तार पूर्वक सूची सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | घोषणा |
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2016 | 6. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी के ग्राम पंचायत मोटीधार से मजरा लुहारीगढ तक सड़क निर्माण को उनके द्वारा दिनांक 09 फरवरी, 2015 को स्वीकृति दी गई थी ? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृति के इतने समय बाद भी विभाग द्वारा उक्त सड़क का आकलन तक क्यों गठित नहीं किया गया ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण हेतु शासनादेश जारी करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>04.02.2016 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत पनियॉ–रीठाखाल सड़क के पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण की मांग स्थानीय जनता द्वारा लम्बे समय से की जा रही है ? क्या सरकार उक्त सड़क में पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>04.02.2016 | 8. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ग्राम सभा नैकाना–पाली–जपूवा–तेकुना –पतकुडा–तोला–मल्ला तोला तक 5.5 कि0मी0 मोटर मार्ग स्वीकृति उपरान्त वर्तमान समय तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है ? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत हैं कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण न होने के कारण स्थानीय फल उत्पादकों को भारी नुकसान हो रहा है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह , जीना 04.02.2016 | 9. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि विधायकों के क्षेत्रों के महत्वपूर्ण कार्यों हेतु विधायकों द्वारा निवेदन करने पर मा0 मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृतियां प्रदान की गयी हैं ? क्या मा0 मुख्यमंत्री इस बात से भी अवगत हैं कि उनके द्वारा किन किन कार्यों हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी हैं ? क्या मा0 मुख्यमंत्री इस बात से भी अवगत हैं कि उनके द्वारा किन किन कार्यों हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है ? यदि हां, तो उनका विधान सभावार विवरण देने के साथ ही यह बताने का कष्ट करेंगे कि इन पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्रीमती अमृता रावत 05.02.2016 | 10. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य में ऐसे कौन–कौन से नवनिर्मित एवं विस्तारित मोटर मार्ग हैं जिन पर अभी तक नियमित बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है ? ऐसे नवमिर्मित एवं विस्तारित मौअर मोर्गो पर नियमित बस सेवाओं के संचालन हेतु अब तक की गयी कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक इन मार्गो पर नियमित बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना है? | परिवहन |
| श्रीमती अमृता रावत 05.02.2016 | 11. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद पौढ़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत पोखड़ा स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में व्याप्त अव्यवस्थाओं/त्रुटियों के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 2182/विधायक/6–निर्माण/2015–16 दिनांक 05/11/2015 के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियन्ता, स्तर–1, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी के दिनांक 19/11/2015 के पत्र द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी को इंगित विन्दुओं का अनुपालन कराकर, सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं ? यदि हां तो प्रश्नकर्ता के उक्त संदर्भित पत्र में दर्शायी गयी कमियों के निस्तारण हेतु की गई कार्यवाही का विन्दुवार विवरण क्या है तथा निरीक्षण भवन में पाई गयी अव्यवस्थाओं/त्रुटियों के प्रति कौन उत्तरदायी है? | लो0नि0वि0 |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 05.02.2016 | 12. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत सरकार द्वारा वर्ष 2013 से आतिथि तक कितने क्षतिग्रस्त सड़कों का आकलन किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आंकलित क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा कितने सड़कों का निर्माण पूर्ण हो गया है ? यदि नहीं, तो क्षतिग्रस्त सड़कों का आंकलन, धनराशि आंवटन एवं निर्माण कार्य न किये जाने के क्या कारण है? | लो0नि0वि0 |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 05.02.2016 | 13. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के सीमान्त विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ए0डी0बी0 के अन्तर्गत निर्माणाधीन चकरपुर से दिगराबाग तक की सड़क का मानकों के अनुसार निर्माण न होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों को निजात दिलाने के दृष्टिगत उक्त निर्माणाधीन सड़क कब तक पूर्ण हो जायेगी ? यदि नहीं तो क्यों? | लो0नि0वि0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>05.02.2016 | 14. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी के ग्राम पंचायत क्यारा से धनौल्टी मोटर मार्ग को उनके द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2014 को स्वीकृति दी गई थी ? यदि हां तो मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृति के 03 वर्ष बाद भी उक्त सड़क का आकलन अभी तक क्यों गठित नहीं किया गया ? क्या मुख्यमंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वे उक्त सड़क के निर्माण के लिए शीघ्र अतिशीघ्र ठोस कार्यवाही करने पर विचार करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.02.2016 | 15. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की विधान सभा सल्ट के दूरस्थ गावों में लो वोलटेज की समस्या के साथ साथ विद्युत खम्बे जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं और तारें झूल रही हैं जिससे कभी भी गम्भीर दुर्घटना घट सकती है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि लो वोल्टेज की समस्या से स्थानीय जनता को कब तक निजात मिल पायेगी तथा जीर्ण शीर्ण विद्युत खम्बे कब तक बदले जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.02.2016 | 16. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश भर में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु वर्तमान समय में जनपदवार कितनी कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की विधान सभा सल्ट में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु कुल कितनी कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है तथा ग्राम सभा कुशिया चौन में धन आवंटित होने के बाद भी भवन निर्माण न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार भवन निर्माण न होने के कारणों पर गम्भीरतापूर्वक विचार करते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>05.02.2016 | 17. **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि सीमा सड़क संगठन में कार्यरत उत्तराखण्ड निवासी चार्ज मैकेनिक श्री मुकेश जखववाल जनपद चमोली में जोशीमठ से बद्रीनाथ–माणा चमनाऊ नाला मार्ग निर्माण के समय भारी वर्षा एवं बर्फबारी के कारण सड़क टूट जाने से गम्भीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी थी ? क्या सरकार द्वारा उनके अन्तिम संस्कार के दौरान उन्हे राजकीय सम्मान दिया गया, ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले श्री जखववाल को सम्मान पत्र तथा उनके परिजनों को आर्थिक सहायता दी गयी ? यदि हां, तो कितनी (सम्पूर्ण ब्यौरा उपलब्ध करायें) यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्रीमती अमृता रावत<br>06.02.2016 | 18. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की आंगनवाड़ी केन्द्रों में पुष्टाहार की आपूर्ति की क्या व्यवस्था है तथा राज्य में आंगनवाडी केन्द्रों/मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों की जनपदवार संख्या क्या है ? क्या यह सत्य है कि कतिपय जनपदों में ठेकेदार के माध्यम से पुष्टाहार की आपूर्ति आंगनवाड़ी केन्द्रों में की जा रही है ? यदि हां, तो इसके कारण क्या है और यदि नही तो जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कोट तथा अन्य खण्डों में ठेकेदार द्वारा पुष्टाहार की आपूर्ति किए जाने के कारण क्या हैं और इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? क्या सरकार इस प्रकरण में जांच करवाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 06.02.2016 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत पूछड़ी से भगुवाबांगर होते हुए कालूसिद्ध मन्दिर तक मार्ग निर्माण की स्वीकृति शासन द्वारा कब जारी की गई है ? क्या यह सत्य है कि अभी तक उक्त मार्ग का निर्माण प्रारम्भ नहीं किया जा सका है जिसके कारण ग्रामवासियों में भारी असन्तोष व्याप्त है ? यदि हां, तो स्वीकृत मार्ग का निर्माण न कराए जाने के कारण क्या है और इस भारी विलम्ब के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा कब तक इस स्वीकृत मार्ग का निर्माण करवाए जाने की सम्भावना है तथा इस मार्ग का प्रकरण किस स्तर पर कब से लम्बित है? | लो0नि0वि0 |
| श्रीमती अमृता रावत 06.02.2016 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, रामनगर (नैनीताल) को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 3958/मंत्री/6–निर्माण/2013–14 दिनांक 16 सितम्बर, 2013 के द्वारा विकास खण्ड रामनगर के ग्राम मोतीपुर वैजुरी के लिए मार्ग निर्माण करवाए जाने का अनुरोध किया गया है ? यदि हां, तो ग्राम मोतीपुर वैजुरी के लिए प्रस्तावित मार्ग निर्माण हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित मार्ग का निर्माण करवाए जाने की सम्भावना है ? | लो0नि0वि0 |
| श्री हरबंस कपूर 06.02.2016 | 21. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि बेमौसमी बरसात के कारण कृषकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा प्रभावित किसानों के लिये क्या कोई राहत प्रदान की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 06.02.2016 | 22. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 17 अप्रैल, 2015 को दिया से विरिया चौराहे तक सड़क निर्माण हेतु की गई घोषणा के बावजूद भी अभी तक सड़क निर्माण न होने के क्या कारण हैं ? मा0 मुख्यमंत्री की घोषणानुरूप उक्त सड़क का क्या निर्माण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 06.02.2016 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के लिए वर्ष 2015–16 में कुल कितने मोटर मार्गों के डामरीकरण सुधारीकरण व रख रखाव हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है तथा स्वीकृत धनराशि कब जारी की गयी ? क्य यह सत्य है कि वर्तमान समय में भी अधिकांश मोटर मार्गों की स्थिति अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण बनी हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जीर्ण शीर्ण हुए मोटर मार्गों की स्थिति को कब तक सुधारा जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 06.02.2016 | 24. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 28 में स्थानान्तरित** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के अन्तर्गत देघाट–नागचूलाखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण का कार्य स्वीकृति के उपरान्त भी वर्षों से प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है जिससे क्षेत्रीय जनता को भारी कठिनाई हो रही है और उनमे भारी रोष है ? यदि हां, तो कब तक सरकार उक्त मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण का कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री दलीप रावत 06.02.2016 | 25. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2010 में बहे खटलगढ थापला (बीरौंखाल) एवं झर्त (रिखणीखाल) पुलों के अभी तक निर्माण न होने के क्या कारण हैं ? क्या विभागीय अधिकारियों के लापरवाहियों के कारण उक्त पुल नहीं बन सके हैं ? यदि हां, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 06.02.2016 | 26. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिमली के मजरा चिड़ी भेल्ली व ग्राम पंचायत हरियावाला कलॉ के मजरा नई बस्ती धौलास में आज तिथि तक विद्युत की लाईन नहीं पहुंच पायी है जिस कारण उक्त दोनों मजरे विद्युतीकरण से वंचित हैं और दोनों मजरे वन विभाग की सीमा से लगे हुए हैं ? क्या सरकार द्वारा उक्त दोनों मजरों में विद्युत लाईन पहुंचाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री विशन सिंह चुफाल 06.02.2016 | 27. **अस्पष्टता के आधार पर निरस्त।** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2014–15 में विवेकाधीन कोष हेतु कुल कितना परिव्यय रखा गया है ? यदि हां, तो प्रदेश के जनपदवार कितनी कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्रीमती अमृता रावत 08.02.2016 | 28. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के सापेक्ष में आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी नैनीताल तथा उप जिलाधिकारी रामनगर को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1447/विधायक/40–देवी आपदा/2014–15 दिनांक 08 मार्च, 2015, पत्रांक 1014 दिनांक 11 जुलाई, 2014, पत्रांक 1619 दिनांक 10 मई, 2015 तथा पत्रांक 2075 दिनांक 08 अक्टूबर, 2015 के साथ अग्रसारित प्रत्यावेदनों पर की गई कार्यवाही का प्रत्यावेदन वार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त संबंध में कृत कार्यवाही की जानकारी प्रश्नकर्ता को न कराए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरबंस कपूर 08.02.2016 | 29. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में सेब के पेड़ सूख रहे हैं ? यदि हां, तो सरकार ने इस गम्भीर रोग से सेब के बगीचों की सुरक्षा हेतु क्या योजना बनाई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>08.02.2016 | 30. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत क्या विभिन्न स्थानों पर विद्युत तारें झूल रही हैं और कई ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ? क्या सरकार झूल रहे तारों व खराब हुए ट्रांसफार्मरों की मरम्मत शीघ्र करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री गणेश जोशी<br>08.02.2016 | 31. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने जनपदों के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाले तोकों में अभी तक विद्युत संयाजन नहीं है एवं उन तोकों के अन्तर्गत कितने परिवार निवास करते हैं का जनपदवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिम्यारी के भॉगलासेरा में ऐसे कितने परिवार हैं जो विद्युत जैसी मूलभूत सुविधा सं वंचित हैं ? क्या मा0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ग्राम पंचायत सिम्यारी के भॉगलासेरा में विद्युतीकरण हेतु धनराशि उपलब्ध कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री गणेश जोशी<br>08.02.2016 | 32. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि मसूरी क्षेत्र में पर्यटकों की अधिकता को देखते हुए होटल एसोशियन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा मसूरी से दिल्ली तक बॉल्बो चलाये जाने का अनुरोध किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा मसूरी से नई दिल्ली तक बॉल्बो बस संचालन करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.02.2016 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत थत्यूड–मराड़ मोटर मार्ग 18 कि0मी0 लम्बाई हेतु पूर्व में स्वीकृत हुई थी जो कि थत्यूड़ की ओर से 9.75 कि0मी0 एवं मराड़ की ओर से 3.75 कि0मी0 कुल 13.325 कि0मी0 निर्मित हुई है 5.00 कि0मी0 मिसिंग मोटर मार्ग है ? क्या सरकार इस मिसिंग मोटर मार्ग के निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.02.2016 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मसरास से थुरेटी तक मोटर मार्ग निर्मित है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मसरास नैनबाग–घोड़ा खुरी–ऐन्दी मोटर मार्ग घोड़ाखुरी स्थान से मैर तक निर्मित है इस प्रकार मैर एवं थुरेटी के मध्य लगभग 500 मीटर मिसिंग लिंक है ? क्या सरकार इस मिसिंग मोटर मार्ग के निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.02.2016 | 35. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत दुडगापुल से शीर्ष–मुंगलाड़ी मोटर मार्ग पूर्व में स्वीकृत था जो कि शीर्ष तक निर्मित है लेकिन मुंगलाड़ी तक 04 कि0मी0 शेष बचा हुआ है ? क्या सरकार इस मिसिंग मोटर मार्ग के निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 08.02.2016 | 36. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत लालपुल–भुत्सी मोटर मार्ग पूर्व में स्वीकृत हुआ था और इस मोटर मार्ग के लगभग 06 कि0मी0 के बाद 325 मीटर बनी कटान है तथा उससे आगे लगभग 02 कि0मी0 का निर्माण हो गया है ? क्या इस बिना कटान भाग एवं भुत्सी तक मोटर मार्ग के निर्माण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 08.02.2016 | 37. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत पन्तवाडी–नागटिब्बा मोटर मार्ग 10 कि0मी0 लम्बाई हेतु पूर्व में स्वीकृत हुई थी जिसमें 250 मीटर का पहाड़ कटान है ? क्या सरकार इस 250 मीटर पहाड़ कटान पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री विशन सिंह चुफाल 08.02.2016 | 38. | **प्रथम मंगलवार के अतारांकित 54 में स्थानान्तरित**<br>क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी0एस0एफ तथा सी0आर0पी0एफ के पूर्व सैनिकों को पूर्व की भांति कैन्टीन सुविधा देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सैनिक कल्याण |
| श्री विशन सिंह चुफाल 08.02.2016 | 39. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के भागीचौरा–शक्तिपुर–बगना सड़क के पहाड़ कटिंग के कार्य हेतु ठेकेदारों का अनुबन्ध किस वित्तीय वर्ष में किया गया ? यदि हां, तो क्या अनुबन्धों की शर्तों पर ठेकेदारों द्वारा समय सीमा पर कार्य पूर्ण किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा संबंधित दोषी अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री विशन सिंह चुफाल 08.02.2016 | 40. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के थल ओगला मोटर मार्ग की लम्बाई 33 कि0मी0 है जिसमें जगह जगह पर गढ्ढे बने हुए हैं ? क्या सरकार जनहित में उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री विशन सिंह चुफाल 08.02.2016 | 41. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के सिगाली, उणमा, बस्तड़ी, डिगरा मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किन कारणों से बन्द है ? क्या सरकार सड़क का निर्माण कार्य अनुबन्ध शर्तों के समय सीमा पर पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री पूरन सिह फर्त्याल 08.02.2016 | 42. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में कितने और कौन कौन से ऐसे गांव हैं जो प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत डेंजर जोन में आ रहे हैं ? क्या सरकार उन गावों में निवास कर रहे लोगों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा एवं विस्थापन संबंधी कार्य कराये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पूरन सिह फर्त्याल 08.02.2016 | 43. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत नेपाल सीमा पर ग्राम पंचायत मढवां में लोहाघाट–चम्पावत विकास खण्डों के मध्य लोहावती नदी में पैदल पुल निर्माण की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा वर्षों से की जा रही है ? क्या सरकार लोहावती नदी पर यातायात को सुगम बनाये जाने के दृष्टिगत पैदल पुल मार्ग का निर्माण कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री दलीप रावत 09.02.2016 | 44. | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त**<br>क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मेलधार सिदपुर (रिखणीखाल) एवं पली गांव (जयहरीखाल) जो कि भूस्खलन से पूरी तरह क्षतिग्रस्त है के विस्थापन हेतु क्या कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री दलीप रावत 09.02.2016 | 45. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2010 में हुए जिला पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मन्दाल नदी पर बने ग्राम झर्त बंजादेवी में बहे पुल के निर्माण हेतु अभी तक धन आवंटन न होने के क्या कारण हैं ? क्या वर्ष 2015–16 में आपदा प्रबन्धन मद से उक्त कार्य हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री दलीप रावत 09.02.2016 | 46. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के अन्तर्गत दिओड, रौंदडिताल, चिलाऊ (नैनीडांडा) एवं रैतपुर–गढकोट मार्ग (2124 / 06.06.2014) हेतु अभी तक धन आवंटन न होने के क्या कारण हैं ? क्या संबंधित अधिकारियों के लापरवाही के कारण उक्त योजना पर धन आवंटन नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 09.02.2016 | 47. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या मुख्य मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत में वर्ष 2014–15, 2015–16 में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से कितने लोगों को लाभान्वित किया गया है सूची उपलब्ध करायेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आर्थिक सहायता बी0पी0एल0 परिवारों के किन किन लोगों को दी गई और ए0पी0एल0 के कितने परिवारों को दी गयी है ? कितने नौकरीपेशा और कितने आयकरदाताओं को दी गई है तथा पूर्व में स्वीकृत सभी लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है ? यदि हां तो किन किन लोगों को ? यदि नहीं, तो क्या सरकार वंचित लोगों को सहायता राशि प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 09.02.2016 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विकास खण्ड बाराकोट में तहसील मुख्यालय एवं विकास खण्ड मुख्यालय है और यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का केन्द्र रहा है तथा यहां पर अधिकारियों के ठहरने के लिए अतिथि गृह नहीं है ? क्या यह सत्य है कि स्थानीय नागरिक यहां पर अतिथि गृह बनाये जाने की लम्बे समय से मांग कर रहे हैं ? क्या सरकार बाराकोट में अतिथि गृह का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 09.02.2016 | 49. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ग्राम/मजरे हैं जो कि विद्युतीकरण से वंचित हैं तथा इसके क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगा कि इन ग्रामों/मजरों को विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 09.02.2016 | 50. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लो विद्युत वोल्टेज की समस्या एवं क्षेत्र में विद्युत लाइनों में पोल भी लगाने की आवश्यकता है, पोल की कमी के कारण तार लटके रहते है जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु सब स्टेशन लगाये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 09.02.2016 | 51. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित– 29 में स्थानान्तरित**<br>क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत कई नदियां व वन क्षेत्र से निकलने वाले कई बरसाती खाले हैं जो हर वर्ष बरसात के समय आबादी व कृषि योग्य भूमि को नुकसान पहुंचाते है ? आबादी व कृषि योग्य भूमि को बरसात के पानी से बचाने हेतु उक्त नदियों व खालों के दोनों ओर पक्के पुस्ते लगाये जाने प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 09.02.2016 | 52. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मोहान–मछोड़ तक मोटर मार्ग पर सुरक्षा हेतु जो विभाग द्वारा कैस बैरियर लगाये हैं उनमें से स्क्रू निकाल लिए जाने के कारण जगह–जगह बैरियर क्षतिग्रस्त होकर गिरे पड़े हैं जिससे सुरक्षा किये जाने का उद्देश्य खत्म हो गया है ? यदि हां तो कब तक सरकार इनकी मरम्मत का कार्य करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री दलीप रावत 10.02.2016 | 53. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013 से वर्तमान समय तक जिला पौड़ी गढवाल में क्या कोई नई सड़कें स्वीकृत हुई हैं ? यदि हां, तो उक्त स्वीकृत सड़कों में कटान कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है तो उनका विवरण क्या है ? | लो0नि0वि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 10.02.2016 | 54. | **तृतीय सोमवार के अतारांकित 47 में स्थानान्तरित** <br> क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2013 में आयी आपदा से जौनपुर विकास खण्ड के सभी कृषकों की कृषि भूमि जो आपदा के कारण बह गयी थी वह भूमि कृषकों की आय की मुख्य साधन थी विगत 20 मई, 2015 को जौनपुर विकास खण्ड की बी0डी0सी0 बैठक में मंत्री जी द्वारा 8000 रू0 प्रति नाली की दर से 02 माह के अन्तर्गत मुआवजा देने की घोषणा की गयी थी लेकिन आज तक कृषकों को भूमि कटान का मुआवजा नहीं मिल पाया है ? क्या सरकार उक्त कृषकों को भूमि का मुआवजा देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 10.02.2016 | 55. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल की विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर की सुवाखोली–भवान–नगुण मोटर मार्ग जो कि 03 जनपदों देहरादून, टिहरी गढवाल एवं उत्तरकाशी का मुख्य राज्य मार्ग है, में लो0नि0वि0 थत्यूड़ द्वारा निम्न स्तर की गुणवत्ता वाला कार्य किया है ? क्या इस मोटर मार्ग की पेन्टिंग जगह जगह से उखड़ गयी है तथा नालियां (स्कबर) जगह जगह से धंस गये हैं ? क्या सरकार इस मोटर मार्ग की उच्च स्तरीय जांच करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 10.02.2016 | 56. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत विद्युत की हाईटेन्शन लाइनें घरों के उपर से गुजर रही है जिनसे कई बार क्षेत्र में अप्रिय घटना घट चुकी है? क्या सरकार द्वारा उन्हे शिफ्ट करने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 10.02.2016 | 57. | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित– 27 में स्थानान्तरित** <br> क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में रीठा–रमक मोटर मार्ग में रतिया नदी पर आदिके पर मोटर पुल न होने से उक्त सड़क पर यातायात नहीं चल पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर मोटर पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 10.02.2016 | 58. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में चौमेल–मऊ–शील बरूड़ी मोटर मार्ग अत्यन्त बदहाल होने से उक्त सड़क पर यातायात सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
| श्री दलीप रावत 11.02.2016 | 59. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद क्या कुछ सड़कें ऐसी हैं जिनका मुआवजा भूमि मालिकों को नहीं मिला है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है और अभी तक प्रभावितों को मुआवजा न देने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>11.02.2016 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग के अधीन लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़कों के रख रखाव हेतु रोड गैंग में कितने पद सृजित हैं व सृजित पदो के सापेक्ष कितने कर्मचारी कार्यरत हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि नई सड़कों हेतु क्या रोड गैंग में नई भर्ती की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | लो0नि0वि0 |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>11.02.2016 | 61. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो सरकार द्वारा अभी तक कितने एवं कौन–कौन से गांवों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो विद्युतीकरण न होने के क्या कारण हैं एवं कौन–कौन से गांव अभी तक भी वंचित रह गये हैं? | ऊर्जा |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>11.02.2016 | 62. **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित –35में स्थानान्तरित**<br>क्या सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विजन–2020 के अनुरूप राज्य में उत्कृष्ट वैज्ञानिक मानव संसाधन विकसित करने हेतु विज्ञान धाम परियोजना अन्तर्गत क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का निर्माण एवं परिषद् कार्यालय में मीडिया सेन्टर की स्थापना की जा चुकी है? यदि हां, तो सरकार द्वारा विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक मॉडल्स स्थापित कराकर वैज्ञानिक, शिक्षा एवं पर्यटन हब के रूप में कार्य कर रही है? यदि नहीं? तो क्यों ? | सूचना प्रौद्योगिकी |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>11.02.2016 | 63. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत साबली–मैण्डखाल मोटर मार्ग के अवशेष कार्य के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लो0नि0वि0 |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>11.02.2016 | 64. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कैम्पटी–चड़गी मोटर मार्ग वर्षों से बन्द पड़ा है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग को खोलने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लो0नि0वि0 |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>15.02.2016 | 65. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत कितने गॉव/तोक ऐसे हैं जिनका विद्युतीकरण नहीं हुआ है? क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2015–16 तक छूटे हुए गॉवों/तोकों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती अमृता रावत<br>15.02.2016 | 66. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत गौडी छीना लघु विद्युत परियोजना कब स्वीकृत हुई है और इस योजना के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुयी है तथा योजना पर कार्य प्रारम्भ करने तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अभी तक योजना का कार्य पूर्ण न किये जाने का कारण क्या है तथा इस भारी विलम्ब के प्रति कौन कौन उत्तरदायी है तथा उत्तरदायी अधिकारियों के प्रति की गयी कार्यवाही का विवरण क्या है और कब तक योजना का निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 15.02.2016 | 67. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के रेशम फार्म छोई में 15 एकड़ भूमि पर टयूलिप गार्डन की स्थापना किए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1516/विधायक/56–उद्यान/2014–15 दिनांक 12 मार्च, 2015 में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही का विन्दुवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रस्तावित टयूलिप गार्डन की स्थापना हेतु तब से अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित टयूलित गार्डन की स्थापना की जायेगी ? | उद्यान |
| श्रीमती अमृता रावत 15.02.2016 | 68. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में रोटन लघु जल विद्युत परियोजना कब स्वीकृत हुयी है तथा इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया है तथा कार्य पूर्ण किये जाने की संभावित तिथि क्या है ? | ऊर्जा |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 15.02.2016 | 69. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड़ से जिला मुख्यालय नई टिहरी तथा देहरादून के लिए कोई सरकारी बस सुविधा उपलब्ध नहीं है ? यदि हॉ , तो क्या परिवहन विभाग द्वारा थत्यूड़ से देहरादून तथा थत्यूड़ से नई टिहरी आने–जाने हेतु परिवहन निगम द्वारा व्यवस्था की जायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 15.02.2016 | 70. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों के भवन, कृषि भूमि, दुकान, पशुक्षति तथा मृतक परिजनों के मुआवजे के लिए कोई नीति बनाई है ? यदि हॉ, तो उसके प्रमुख बिन्दु क्या है ? क्या सरकार राज्य में एक समान क्षति पर समान मुआवजा भुगतान हेतु निर्णय लेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 15.02.2016 | 71. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा हेतु प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों की न्यूनतम आयु सीमा कितने वर्ष मान्य है ? यदि न्यूनतम आयु सीमा 60 वर्ष मान्य है तो क्या परिवहन निगम की बसों में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को विभाग द्वारा निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ? यदि नहीं तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 15.02.2016 | 72. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सैक्टर के अन्तर्गत काशीपुर विधान सभा क्षेत्र की सड़कों के निर्माण के प्रति शासन में उपलब्ध कराए गये 19 मार्गों के प्रस्तावों के प्रति शासनादेश जारी कर दिया है ? यदि हॉ, तो सम्बन्धित मार्गों के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था को धन अवमुक्त कर दिया गया है ? यदि हॉ, तो कितना धन अवमुक्त किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता , राकेश<br>15.02.2016 | 73. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में सरकार द्वारा मॉडल बस स्टेशन बनाये जाने की कोई योजना प्रस्तावित थी, जिस हेतु भूमि का चयन भी कर लिया गया था? यदि हॉ तो सरकार द्वारा उक्त बस अड्डे का निर्माण कब तक करवा दिया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री महन्त दलीप रावत<br>15.02.2016 | 74. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नैनीडांडा शंकरपुर हल्का मोटर वाहन मार्ग का चौडीकरण व पक्कीकरण किया जा रहा है ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | लो0नि0वि0 |
